136

329 (XF)

2020

अर्थशास्त्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट] *[पूर्णांक : 100*

निर्देश :

(i) *प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।*

(ii) *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(iii) *प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनका केवल सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखना है । प्रश्न संख्या 11 से 18 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न संख्या 19 से 24 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 25 से 27 तक विस्तृत उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 300 शब्दों में लिखना है ।*

(iv) *प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं ।*

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

निम्नलिखित प्रश्नों के केवल सही उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए :

1. 'समरूप वस्तु (उत्पाद)' इस बाज़ार की विशेषता है *1*

(अ) पूर्ण प्रतियोगिता

(ब) अपूर्ण प्रतियोगिता

(स) एकाधिकार

(द) अल्पाधिकार

2. उपभोक्ता की आय में वृद्धि होने के साथ-साथ निकृष्ट वस्तुओं की माँग *1*

(अ) में वृद्धि होती है ।

(ब) में गिरावट (कमी) होती है ।

(स) स्थिर रहती है ।

(द) अज्ञात रहती है ।

3. एक बाज़ार उस समय संतुलन की अवस्था में होता है, जब वस्तु की माँग *1*

(अ) वस्तु की आपूर्ति से कम होती है ।

(ब) वस्तु की आपूर्ति से अधिक होती है ।

(स) वस्तु की आपूर्ति के बराबर होती है ।

(द) वस्तु की आपूर्ति से असम्बद्ध होती है ।

4. सकल राष्ट्रीय उत्पाद (बाज़ार कीमतों पर) – मूल्यह्रास = 1

(अ) राष्ट्रीय आय

(ब) शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद (बाज़ार कीमतों पर)

(स) व्यक्तिगत आय

(द) व्यययोग्य (प्रयोज्य) आय

5. करेंसी नोटों को निर्गमित करने का एकमात्र अधिकार निम्नलिखित संस्था को है : 1

(अ) बैंक ऑफ इंडिया

(ब) यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया

(स) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

(द) रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया

6. 'एक राष्ट्र, एक कर, एक बाज़ार' से संबंधित अप्रत्यक्ष कर है 1

(अ) वैट

(ब) जी.एस.टी.

(स) बिक्री कर

(द) मनोरंजन कर

7. राजस्व प्राप्तियों की अपेक्षा राजस्व खर्च (व्यय) का आधिक्य कहलाता है 1

(अ) तरलता अनुपात

(ब) राजस्व घाटा

(स) बजटीय (वित्तीय) घाटा

(द) शुद्ध निवेश

8. मौद्रिक अधिकार अथवा सरकार द्वारा जारी मुद्रा, जिसे लेने से कोई इनकार नहीं कर सकता, कहलाती है 1

(अ) मुद्रा गुणक

(ब) संकुचित मुद्रा

(स) विधि ग्राह्य (वैध मुद्रा)

(द) अवैध मुद्रा

9. समष्टि अर्थशास्त्र को एक पृथक् अध्ययन की शाखा के रूप में स्थापित किया गया था 1

(अ) जे.एम. कीन्स द्वारा

(ब) पीगू द्वारा

(स) वालरस द्वारा

(द) परेटो द्वारा

10. 'प्रभावी माँग' की संकल्पना किसने दी थी ? 1

(अ) एडम स्मिथ

(ब) मार्शल

(स) जे.बी. से

(द) कीन्स

(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

11. व्यष्टि अर्थशास्त्र क्या है ? 3

12. माँग का नियम परिभाषित कीजिए । 3

13. निजी वस्तु किसे कहते हैं ? 3

14. एकाधिकार को परिभाषित कीजिए । 3

https://www.evidyarthi.in/

15. सीमांत लागत क्या है ? 3

16. भारतीय रिज़र्व बैंक के कोई तीन प्रतिबंधित कार्य लिखिए । 1+1+1

17. सीमांत उपभोग प्रवृत्ति क्या होती है ? 3

18. अपूर्ण प्रतियोगिता की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए । 1+1+1

(लघु-उत्तरीय प्रश्न)

19. स्टॉक व प्रवाह में भेद कीजिए । 6

20. गुणक का अर्थ समझाइए । 6

21. एक विकासशील देश में राजकोषीय नीति की भूमिका की व्याख्या कीजिए । 6

22. खुले बाज़ार की क्रियाएँ क्या हैं ? 6

23. पूर्ण प्रतियोगिता की विशेषताएँ संक्षेप में लिखिए । 6

24. 'विदेशी विनिमय दर' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । 6

(विस्तृत उत्तरीय प्रश्न)

25. उत्पादन की लागत को परिभाषित कीजिए । औसत लागत तथा सीमांत लागत के बीच सम्बन्ध को समझाइए । 4+6

अथवा

उदासीनता वक्र की सहायता से उपभोक्ता के संतुलन की स्थिति को समझाइए । 10

26. राष्ट्रीय आय को मापने की उत्पादन गणना विधि व व्यय विधि को समझाइए । 5+5

अथवा

वाणिज्यिक बैंकों की साख-सृजन की क्रियाविधि को समझाइए । 10

27. वस्तु व सेवा कर (जी.एस.टी.) से आप क्या समझते हैं ? यह पुरानी कर व्यवस्था से कैसे श्रेष्ठ है ? समझाइए । 6+4

अथवा

"सार्वजनिक वस्तुएँ सरकार के द्वारा ही प्रदान की जानी चाहिए ।" व्याख्या कीजिए । 10